ई-रूपी (e - RUPI)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/e-rupi

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अगस्त, 2021 को **एक व्यक्ति तथा उद्देश्य विशिष्ट डिजिटल भुगतान समाधान ई-रूपी** का शुभारंभ किया है। ई-रूपी डिजिटल भुगतान का एक कैशलेस तथा संपर्क रहित माध्यम है।
- यह एक क्यूआर कोड या टेक्स्ट मैसेज स्ट्रिंग-आधारित ई-वाउचर है, जिसे लाभार्थियों के मोबाइल पर भेजा जाता है। उपयोगकर्ता इस निर्बाध एकमुश्त भुगतान तंत्र के माध्यम से अपने सेवा प्रदाता केंद्र पर बिना किसी कार्ड, डिजिटल भुगतान ऐप या इंटरनेट बैंकिंग एक्सेस के वाउचर की धनराशि प्राप्त करने में सक्षम होंगे।
- इसे नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय सेवा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सहयोग से अपने यू.पी.आई. प्लेटफॉर्म पर विकसित किया गया है।
- ई-रूपी के माध्यम से बिना किसी भौतिक इंटरफेस के डिजिटल तरीके से लाभार्थियों तथा सेवा प्रदाताओं के साथ सेवा प्रायोजकों को जोड़ने का कार्य किया जाता है। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि लेन-देन पूरा होने के बाद ही सेवा प्रदाता को भुगतान किया जाए। **प्री-पेड होने के कारण यह सेवा प्रदाता के लिये बिना किसी मध्यस्थ की भागीदारी के समय पर भुगतान संभव बनाता** है।

X X